गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गांधीनगर, गुजरात में राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (NSG) के क्षेत्रीय हब और गुजरात सरकार के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया

देशभर में स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े जो अनेक स्थान और शहीद विस्मृत थे उनका स्मरण कर उन्हें चिरंजीवी बनाने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है

जब मैं माणसा के पास शहीद स्मारक का भूमिपूजन करने गया था तब पूरे गाँव में 90% लोगों को इस बात की जानकारी नहीं थी 1857 के आंदोलन में इस गाँव के 5 लोग शहीद हुए थे

हमें अपने बच्चों को ऐसे संस्कार देने होंगे कि वे अपनी भाषा, साहित्य, संस्कृति गांव, प्रदेश और देश के लिए जिएं

हम अपनी 15 हजार वर्ष से भी अधिक पुरानी संस्कृति व इतिहास का परिचय अपने बच्चों और युवाओं को नहीं कराएंगे तो हमारी संस्कृति के विलुप्त होने की जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ हमारी होगी

मातृभूमि के लिए प्राणों को न्योछावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए मोदी जी के आह्वान पर 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत माणसा में स्मारक पट्टिका का भी अनावरण किया

इस स्मारक पट्टिका पर मोदी जी का एक Quote है कि "मेरे जीवन का क्षण-क्षण और मेरे शरीर का कण-कण इस देश के भले के लिए खर्च करने का मैं संकल्प करता हूँ", अगर देश के 130 करोड़ नागरिक यह संकल्प लें तो देश बहुत आगे बढ़ेगा

NSG के मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता में चार रिजनल कार्यालय हैं, अब गुजरात में भी एनएसजी का रीजनल सेंटर खुलेगा

